हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 1 मई 2026

तापमान
अधिकतम 40 .5 डिग्री
न्यूनतम 25 .5 डिग्री

11 चुनाव को लेकर पुलिस मुस्तैद, अवैध शराब के साथ 7 आरोपी गिरफ्तार



12 डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर 1.89 करोड़ की ठगी के चार आरोपी गिरफ्तार






## खबर संक्षेप

### मारपीट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी**। थाना सदर पुलिस ने गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर 17 फरवरी को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ित ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। इस मामले में पुलिस ने जांच के बाद मांढैया कलां निवासी रामबीर को गिरफ्तार कर लिया। उसे तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### सड़क हादसों के आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी**। पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने सड़क हादसे के बाद गत 26 अप्रैल को केस दर्ज किया था। सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। वाहन चालक हादसे के बाद फरार हो गया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने दिल्ली के कैर निवासी रविंद्र को गिरफ्तार किया है। कसोला पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार हुए चालक यूपी के दोताई निवासी मुसइफ अलवी को गिरफ्तार किया है। दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### नाबालिग के अपहरण का आरोपी काबू

**बावल**। पुलिस ने क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग के अपहरण और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक गांव से नाबालिग के लापता होने के बाद पुलिस ने 18 अप्रैल को केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने नाबालिग को बरामद कर लिया। उसका मेडिकल कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। इस मामले में पुलिस ने एक गांव निवासी आरोपी प्रवीन को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

### दुष्कर्म का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**कोसली**। पुलिस ने एक गांव निवासी महिला से दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने 14 अप्रैल को आरोपी अर्जुन सिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़िता का सामान्य अस्पताल से मेडिकल कराने के बाद उसके बयान दर्ज कराए गए थे। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी अर्जुन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### दहेज प्रताड़ना मामले में एक गिरफ्तार

**कुंड**। थाना खोल पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता को प्रताड़ित करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता की शिकायत के आधार पर दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। उनके बीच काउंसलिंग कराई गई। बार-बार प्रयासों के बाद भी समझौता नहीं हुआ, तो पुलिस ने ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ 3 अप्रैल को केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने महेंद्रगढ़ के बलियार निवासी विकास को गिरफ्तार किया है। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया।

*बिजली के खंभों पर डिश केबल ऑपरेटरों का कब्जा, निगम की छूट से चल रहा खेल*

# शहर में 90 प्रतिशत बिजली पोल पर केबल तारों का मकड़जाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर में डीएचबीवीएन के बिजली खंबों पर डिश केबल ऑपरेटरों ने पूरी तरह कब्जा किया हुआ है। अवैध रूप से लटके इन तारों को हटाने के लिए बिजली निगम के अधिकारी कोई कार्रवाई तक नहीं कर रहे है। बिजली उपभोक्ताओं की सर्विस लाइन में तार का मकड़जाल बना हुआ है, यह कभी भी हादसों को आंमत्रित कर सकता है। बिजली के पोल से बिजली की लाइन के अलावा डिश केबल और इंटरनेट की ब्रॉड बेंड सहित अन्य लाइन भी गुजर रही है, जिसके कारण बारिश में हमेशा शॉर्ट सर्किट होने का खतरा बना हुआ है। इसके अलावा केबल ऑपरेटरों ने बॉक्स भी बिजली पोल पर ही लगाए हुए है। बिजली निगम के अधिकारियों ने केबल ऑपरेटरों को सरकारी संपत्ति का इस्तेमाल करने की पूरी छूट दी हुई है, इसलिए आज तक कोई कार्रवाई तक नहीं की गई है।

अलग खबर

### बिजली मीटरों में उलझी डिश केबल

शहर में एक भी बिजली का पोल ऐसा नहीं है, जिस पर केबल के तारों के गुच्छे न लटके हों। सैकड़ों पोल तो ऐसे हैं, जिन पर एक साथ केबल के तारों के दर्जनों गुच्छे बनाकर लटकाए गए हैं, जोकि जमीन तक लटके हुए है। बिजली के पोल पर बिजली के तार कम केबल टीवी के तार ज्यादा मिल रहे है। डिश केबल बिजली पोल पर लगे उपभोक्ताओं के मीटरों में उलझी हुई है। कई बार फाल्ट होने पर लाइनमैन को भी पोल पर चढ़ने में काफी परेशानी होती है। शहर के सेक्टर-1, सेक्टर-3 व सेक्टर-4, कंपनी बाग, मॉडल टाउन, हाउसिंग बोर्ड व बावल रोड सहित अनेक स्थानों पर बिजली के खंबों पर पूरी तरह केबल का जाल फैला हुआ है। इसके अलावा मौहल्लों व बाजार में लगे बिजली पोल का भी यही हाल है।

### बारिश के समय शार्ट सर्किट से हादसों का अंदेशा



रेवाड़ी। बीएमजी मॉल के पास गली में लगे बिजली पोल पर केबल का मकड़जाल, सेक्टर-1 में बिजली पोल पर लगी डिश केबल व बॉक्स। फोटो : हरिभूमि

### बारिश के समय रहता ज्यादा खतरा

*नियमों के अनुसार कोई भी ऑपरेटर बिजली के पोल पर केबल तार नहीं लगा सकता है। बिजली निगम के अधिकारियों की लापरवाही व अनदेखी के केबल ऑपरेटर निगम की अनुमति के बिना बिजली के खंभों पर चढ़ जाते हैं। उनके साथ या फिर बिजली कर्मचारियों के साथ इन तारों से कोई भी हादसा हो सकता है। बारिश के समय शॉर्ट सर्किट होने का खतरा ज्यादा बना रहता है। केबल तारों के जाल के कारण बिजली पोल पर चढ़ने व उतरने में हमशा दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। कर्मचारियों की ओर से अनेकों बार निगम के अधिकारियों को इस बात से अवगत कराया गया है, लेकिन बिजली निगम के अधिकारियों की ओर से केबल ऑपरेटरों पर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है।*

### स्ट्रीट लाइटों के पोल का भी यही हाल

बिजली निगम की तरह नगर परिषद की ओर से लगाई स्ट्रीट लाइटों का भी यही हाल है। स्ट्रीट लाइटों पर भी केबल नेटवर्क वालों ने अपने तार बांधे हुए हैं, जो कि गैरकानूनी है। हैरानी की बात है कि यह तार बिजली निगम और नगर परिषद के अधिकारियों के सामने लगे हैं, फिर भी किसी पर कोई कार्रवाई तक नहीं होती है। केबल ऑपरेटरों पर कार्रवाई न करना अधिकारियों को संदेह के घेरे में खड़ा करता है। पोल से ही बिजली की सप्लाई आ रही है। ऐसे में यदि केबल तार बिजली की तार के संपर्क में आ जाए तो करंट भी आ सकता है।

### कई बार शार्ट सर्किट से जल चुके मीटर

डिश केबल की तार हादसों का कारण भी बन रही हैं। बड़े वाहनों में फंसकर केबल तार अक्सर टूटकर सड़क पर गिर जाती है, जिससे सड़क से गुजरने वाले दोपहियां वाहन सवारों को परेशानी का समाना करना पड़ता है। केबल की टूटी तार बाइक के पहियों में फंसने से बाइक सवार गिर भी जाते हैं। शार्ट सर्किट होने से कई बार इन केबल में आग लगने से उपभोक्ताओं के बिजली के मीटर भी पूरी तरह जल चुके है, जिससे उपभोक्ताओं की बिजली गुल हो गई। दूसरे दिन नए मीटर लगने पर बिजली सुचारू हो पाई।

## आईजीएल ने धारूहेड़ा के रेस्टोरेंट पर उपलब्ध कराई पीएनजी की सुविधा



रेवाड़ी। रेस्टोरेंट पर पीएनजी सुविधा देते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

- रेस्टोरेंट को लगभग 500 एससीएमडी गैस की आपूर्ति की जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

स्वच्छ ऊर्जा के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड यानि आईजीएल की टीम ने वीरवार को एनएच-8 स्थित रेस्टोरेंट पर पाइप्ड नेचुरल गैस सुविधा दी है। इस व्यवस्था के तहत रेस्टोरेंट को लगभग 500 एससीएमडी गैस की आपूर्ति की जा रही है, जिससे न केवल संचालन अधिक सुगम और किफायती होगा, बल्कि पारंपरिक ईंधनों की तुलना में यह पर्यावरण के लिए भी अधिक अनुकूल साबित होगा। आईजीएल अधिकारियों ने बताया कि यह पहल क्षेत्र में स्वच्छ और सुरक्षित ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ-साथ वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के बीच पीएनजी के उपयोग को प्रोत्साहित करेगी। कंपनी लगातार अपने नेटवर्क का विस्तार कर रही है ताकि अधिक से अधिक प्रतिष्ठानों और घरों तक प्राकृतिक गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकें।

## किसान से अभ्रदता व मारपीट करने पर केस दर्ज

**कोसली**। टूमना गांव में भूमि खरीद कर खेती कर रहे कतोपुरी गांव के एक व्यक्ति ने गांव के एक ही परिवार के दो महिलाओं सहित चार लोगों पर जमीन पर कब्जा करने की मंशा से गाली-गलौज करने, डंडों से मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। कतोपुरी गांव निवासी इन्द्रजीत राव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने टूमना गांव में चार एकड़ जमीन खरीद रखी है तथा इस जमीन पर खेती करते आ रहे हैं। उन्होंने अपनी जमीन की देख रेख व खेती करने के लिए दड़ौली गांव के अजय व चौंकी नंबर-2 गांव के सुरेन्द्र को दी हुई है। बुधवार प्रातः वह खेत की जुताई कर रहे थे कि धर्मेन्द्र, राजबाला, दीपक कुमारी व विनोद कुमार ने उन्हें गालियां देते हुए उन पर डंडों से हमला कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने अपना काम बीच में बंद कर डायल-112 पर फोन किया। परंतु पुलिस उस समय मौके पर नहीं पहुंच पाई। बाद में उन्होंने भूमि के दस्तावेज व अदालती आदेशों की कॉपी के साथ कोसली थाने में शिकायत दी। पुलिस ने उनकी शिकायत पर आरोपियोंके विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

## कोसली मंडी में अब तक तीन लाख क्विंटल से अधिक गेंहू की खरीद

- गेंहू के 561348 कट्टों यानि 280674 क्विंटल का उठान हो चुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली अनाज मंडी में गेंहू की आवक धीमी हो रही है। वीरवार को मात्र 344 क्विंटल गेंहू के 17 गेट पास जारी किए गए। मार्केट कमेटी के सचिव विकास कुमार ने बताया कि मंडी में एक अप्रैल से अब तक 307328 क्विंटल गेंहू की आवक हो चुकी है। वेयरहाउस के खरीद अधिकारी जगदीश बांगड़ ने बताया कि कोसली मंडी में वीरवार तक 305870 क्विंटल गेंहू की खरीद हो चुकी है मंडी से गेंहू के 561348 कट्टों यानि 280674 क्विंटल का उठान हो चुका है। लगभग 25 हजार क्विंटल गेंहू का उठान होना बाकी हैं। कोसली मंडी में सरसों की आवक अभी तक 15124 क्विंटल ही हुई है, जिसकी आढ़तियों ने प्राइवेट खरीद की है। कोसली मंडी में गत वर्ष 214161 क्विंटल गेंहू की आवक हुई थी, जबकि इस बार 91711 क्विंटल गेंहू की आवक ज्यादा हुई है। पिछले वर्ष सरसों की आवक 411857 क्विंटल हुई थी, जिसे सरकार ने खरीदा था। इस बार खुले बाजार में सरसों के भाव अधिक होने के कारण सरकारी खरीद बिल्कुल नहीं हो पाई।



रेवाड़ी। अनाजमंडी में लगी सरसों की ढेरियां। फोटो : हरिभूमि

## कंपनी का प्लास्टिक दाना कबाड़ी को बेचने के मामले में चौथा आरोपी काबू

**रेवाड़ी**। कसोला थाना पुलिस ने बावल आईएमटी की एक कंपनी से करीब 11 लाख रुपये का प्लास्टिक दाना कबाड़ी को बेचने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव तिहाड़ा निवासी उपकार सिंह के रूप में हुई हैं। पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी हैं। गत 23 मार्च को आईएमटी बावल एक कंपनी के एचआर मैनेजर अंकुर ने अपनी शिकायत में बताया था कि उनकी कंपनी में गत 13 मार्च को प्लास्टिक दाना आया था। प्लास्टिक दाना कंपोनेंट बनाने के लिए दूसरी कंपनी के लिए भेजा गया था, जिस गाड़ी में प्लास्टिक दाना भेजा गया, उसे चालक प्रवीन चला रहा था। 18 मार्च को उसे पता चला कि प्लास्टिक दाना दूसरी कंपनी में पहुंचा ही नहीं। पूछताछ पर पता चला की कंपनी के ही कर्मचारी उपकार के कहने पर प्लास्टिक दाना पुनीत नाम के कबाड़ी को बेच दिया गया। इस कार्य में पंकज नाम के युवक भी भूमिका भी रही। पुलिस ने मामले में संलिप्त तीन आरोपी वार्ड नबर- 3 बावल निवासी पुनीत, जिला गुरुग्राम के गांव जोड़ी खुर्द निवासी श्यामसुंदर व प्रवीन कुमार को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त आरोपी गांव उपकार सिंह को भी काबू कर लिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो : हरिभूमि

**गर्म हवाओं ने जमकर किया लोगों को परेशान, रात का तापमान बढ़ने से हराम होने लगी नींद**

# तापमान बढ़ने से गर्मी का प्रकोप फिर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गत तीन-चार दिनों से मौसम में आ रहे बार-बार बदलाव के बीच तापमान एक बार फिर से बढ़ना शुरू हो गया है। गर्म हवाओं ने जनजीवन पर असर डालना शुरू कर दिया है। रात का तापमान बढ़ने से लोगों की नींद में भी खलल पड़ने लगा है। दो दिन बाद मौसम में फिर बदलाव आने का अनुमान है। आंधी और हल्की बारिश का सिलसिला सप्ताह के अंत में भी देखने को मिल सकता है। वीरवार को सुबह के समय आसमान में घने बादल छाए रहे। कुछ स्थानों पर मामूली बूंदाबांदी भी हुई। इसके बाद आसमान साफ हो गया। दोपहर तक भारी गर्मी का असर शुरू हो गया, जिससे सड़कों से लेकर बाजार तक से भीड़ गायब हो गई। अधिकतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 40.5 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री बड़ी वृद्धि के साथ 25.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। रात के समय गर्मी ने फिर से लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है। हवा में नमी का स्तर 25 प्रतिशत तक रहा, जबकि दिन में 20 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं। गर्म हवाओं ने लू का रूप धारण कर लिया। दोपहर के समय लोग घरों से निकलने से बचने लगे हैं। मौसम विभाग के अनुसार कमजोर पश्चिम विक्षोभ भी बार-बार सक्रिय होकर मौसम में बदलाव ला रहे हैं। 3 मई को बादलों के बीच बूंदाबांदी या हल्की बारिश की संभावना जताई जा रही है। अगले सप्ताह मौसम साफ होने की संभावना है। वीरवार को शाम के समय बादल गहराने के बाद फिर से बूंदाबांदी के आसार नजर आने लगे।



रेवाड़ी। वीरवार को धूप व लू से बचाव के साथ स्कूटी पर जाती युवती। फोटो : हरिभूमि

### चुनाव प्रचार पर गर्मी का असर

शहर और धारूहेड़ा में निकाय चुनावों में प्रचार ने जोर पकड़ना शुरू कर दिया है। सुबह करीब 10 बजे के बाद ही भारी गर्मी शुरू हो जाती है, जिससे प्रत्याशी सुबह जल्द और शाम को देर तक प्रचार करते हैं। दोपहर के समय भारी गर्मी के कारण प्रत्याशी और समर्थक आराम फरमाते हैं। दिन में ज्यादा एरिया कवर नहीं होने के कारण प्रचार देर रात तक चलता रहता है।

### प्रदूषण की समस्या से मिली राहत

बारिश के बाद प्रदूषण के स्तर में काफी सुधार देखने को मिल रहा है। बीते सप्ताह एक्यूआई 150 के पार पहुंच गया था। बारिश के बाद यह 100 से नीचे आ गया है, जिससे लोगों को साफ हवा में सांस लेने का मौका मिल रहा है। गर्मी का असर बढ़ने के साथ ही बिजली की खपत भी बढ़नी शुरू हो गई है। बुधवार आधी रात बिजली की दैनिक खपत एक बार फिर से 90 लाख यूनिट के आसपास पहुंच गई, जिसमें और वृद्धि की संभावना है।

### कन्होरा में जुआ खेलते चार आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी**। थाना रोहडाई पुलिस ने कन्होरा गांव में जुआ खेलते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से जुए की राशि भी बरामद की गई है। आरोपियों के खिलाफ गैंबलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव कन्होरा स्कूल के पास कुछ लोग ताश के पत्तों से पैसे दाव पर लगाकर जुआ खेल रहे है। पुलिस ने रेडिंग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंचकर ताश के रूप में जुआ खेल रहे चार लोगों को काबू कर लिया। पूछताछ में अपना नाम गांव कन्होरा निवासी प्रवीन, कुलदीप, नरेश नाथ व जितेन्द्र बताया। तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से ताश के पत्ते व 2680 रुपये बरामद हुए। उन्हें मौके पर ही गिरफ्तार करने के बाद केस दर्ज कर लिया गया।

## खबर संक्षेप

### हैकर्स ने बैंक खाते निकाले 71335 रुपये

**कनीना।** सदर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। इस बारे में शिकायतकर्ता कृष्ण कुमार, सेहलंग ने बताया कि बीती नौ फरवरी की रात उसके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। जिसने कहा कि वह एचडीएफसी बैंक से बोल रहा है। उसने कहा कि उनका क्रेडिट कार्ड ब्लॉक हो गया है और उसे चालू करने के पांच हजार का चार्ज देना पड़ेगा। आरोपित ने धोखे से उसके ओटीपी नंबर और बैंक कार्ड डिटेल्स ले ली। उसके बाद उनके बैंक खाते से 71335 रुपये कट गए।

### सीआईए ने अवैध शराब के साथ एक किया काबू

**महेंद्रगढ़।** सीआईए पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने नारनौल रोड स्थित राजकीय कॉलेज के समीप घेराबंदी कर एक युवक को उसकी स्विफ्ट गाड़ी और अवैध अंग्रेजी शराब की पेटियों के साथ काबू किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीआईए की टीम को गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपनी सफेद रंग की स्विफ्ट गाड़ी में अवैध शराब लेकर कॉलेज के पास खड़ा है और किसी ग्राहक का इंतजार कर रहा है। पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर दबिश दी और गाड़ी समेत आरोपित को धर दबोचा। गाड़ी की पिछली सीट से दो पेटियां बरामद हुईं।

### 5 लीटर कच्ची देशी शराब, 108 बोतल बीयर व 129 बोतल देशी शराब बरामद

# चुनाव को लेकर पुलिस मुस्तैद, अवैध शराब के साथ सात आरोपी गिरफ्तार

### पुलिस की टीम ने देशी शराब बनाने की भट्टी भी पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

आगामी शहरी निकाय आम चुनाव और पंचायतीराज संस्थाओं के उप-चुनावों को लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। जिला पुलिस ने अभियान के तहत सफलता हासिल करते हुए अवैध रूप से शराब बेचने वाले 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीमों ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर आरोपियों के कब्जे से 5 लीटर कच्ची देशी शराब, 108 बोतल बीयर और 129.75 बोतल देशी शराब बरामद की है।

पुलिस ने देशी शराब बनाने की भट्टी भी पकड़ी है। डहीना चौकी पुलिस टीम ने डहीना निवासी आरोपी जितेन्द्र उर्फ टोनी को 5 लीटर कच्ची देशी शराब सहित काबू किया है। वहीं कसोला थाना पुलिस ने गांव नंदरामपुर बास निवासी आरोपी उमेश कुमार को 72 बोतल बियर व 47 बोतल देशी शराब सहित गिरफ्तार किया है। गढ़ी बोलनी चौकी पुलिस टीम ने गांव नंदरामपुर बास निवासी आरोपी सत्यवीर को 20.75 बोतल देशी शराब सहित काबू किया है। सेक्टर-6 धारूहेड़ा थाना पुलिस टीम ने क्षेत्र से यूपी के जिला कानपुर के गांव सरगांव बुर्जर निवासी आरोपी श्याम सुंदर को 11 बोतल देशी शराब सहित पकड़ा है। इनके अलावा रामपुरा थाना पुलिस ने मोहल्ला आदर्श नगर निवासी आरोपी मोहित को 36 बोतल बियर व 22 बोतल देशी शराब और शहर थाना पुलिस टीम ने मोहल्ला आनंद नगर निवासी आरोपी नीरज को 16 बोतल देशी शराब सहित काबू किया है। वही शहर थाना पुलिस टीम ने गांव चिल्हड़ निवासी आरोपी नवीन कुमार को 13 बोतल देशी शराब सहित गिरफ्तार किया है।



रेवाड़ी। पुलिस द्वारा पकड़ी गई देशी शराब की भट्टी।

#### संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजर

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि चुनावों के दौरान किसी को भी कानून व्यवस्था को बिगाड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा: जिले में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है और प्रत्येक संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर शराब पीता, अवैध रूप से बेचता या किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि में संलिप्त पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।




रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी व पकड़ी गई शराब। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की समीक्षा बैठक लेते हुए एडीसी राहुल मोदी। फोटो : हरिभूमि

### सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक

# एससी-एसटी एक्ट में दर्ज मुकदमों का निराकरण करें

- पीड़ित व्यक्तियों की सहायता में अधिकारी देरी न करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एडीसी राहुल मोदी ने कहा कि पीड़ित व्यक्तियों को नियमों व अत्याचार अधिनियम के तहत उनकी सहायता करने में अधिकारी किसी भी प्रकार की देरी न करें तथा आवेदनों पर जल्द कार्यवाही करते हुए आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। एडीसी वीरवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की समीक्षा बैठक में अधिकारियों व समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। एडीसी ने कहा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के खिलाफ अत्याचारों को रोकने के लिए बनाए अधिनियम, 1989 के प्रावधानों के क्रियान्वयन के लिए संबंधित अधिकारी आपस में तालमेल स्थापित कर कार्य करें। उन्होंने कहा कि अत्याचार अधिनियम 1989 के अंतर्गत पीड़ित व्यक्तियों को दी गई राहत, प्राप्त मामलों और पुनर्वास सुविधाएं तथा उनसे संबंधित अन्य मामलों के क्रियान्वयन के लिए गठित जिला स्तरीय सतर्कता निगरानी समिति नियमानुसार कार्यवाही करें।

#### आर्थिक मदद से पीड़ित को मिलता है सहारा

एडीसी ने कहा कि आर्थिक सहायता से संबंधित पीड़ित परिवार को भावनात्मक रूप में भी काफी सहारा मिलता है। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसी घटनाएं न हो, इसके लिए संबंधित गतिविधियां आयोजित कर जागरूकता कार्यक्रम कराएं जाएं। उन्होंने कहा कि एससी-एसटी एक्ट में दर्ज मुकदमों में समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए। जिला कल्याण अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि 51 पीड़ितों को 96 लाख 87 हजार 500 रुपए तथा 2025-26 में 41 पीड़ितों को 78 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है।

# डिप्टी डीईओ तथा बीईओ हुए सेवानिवृत्त शिक्षा विभाग के संगठनों ने दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीईओ रेवाड़ी बिजेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि अधिकारियों तथा कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति तिथि सुनिश्चित होती है, सेवानिवृत्ति महज एक पड़ाव है। डीईओ हुड्डा वीरवार को राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के सभागार में आयोजित सेवानिवृत्ति समारोह में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। वीरवार को डिप्टी डीईओ डा. राजेंद्र सिंह यादव तथा बीईओ राजेश वर्मा सेवानिवृत्त हो गए। समारोह की अध्यक्षता डीईईओ प्रदीप कुमार दहिया ने की।

इस अवसर पर डीईईओ दहिया ने दोनों अधिकारियों के कार्यकाल की सराहना करते हुए सेवानिवृत्ति के बाद भी शिक्षा तथा समाज के लिए कार्य करते रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम डिप्टी डीईओ अरविंद यादव सहित अनेक संगठनों से जुड़े वक्ताओं ने अपने विचार रखे। हसला से अनिल प्रधान व रविन्द्र भाकली व अध्यापक संघ से महावीर प्रधान ने अधिकारियों का बधाई दी। अधिकारियों के परिवार की ओर से उमा यादव, ललित यादव, सुमन वर्मा व आयुष ने भी अपने विचार रखे। शिक्षा विभाग से जुड़े संगठनों में हसला, हरियाणा राजकीय अध्यापक संघ, राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ, प्राइमरी टीचर एसोसिएशन व हेमसा की ओर से दोनों अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीपीसी संतोष तंवर, प्राचार्य मनोज कुमार, महेश कुमार, डा. विनोद, डा. ईश कुमार, डा. बीर सिंह, डा. लक्ष्मीनारायण, हरीश चौहान, विनोद यादव, अजय यादव मौजूद रहे।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद डीईओ, सेवानिवृत्त अधिकारी व स्टाफ।

# नपा धारूहेड़ा : चुनाव के लिए 18 वार्डों में मतदान केंद्र बनाए

- नगर पालिका क्षेत्र में मतदान केंद्रों की जारी की गई सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नगर पालिका धारूहेड़ा के रिटर्निंग अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि धारूहेड़ा नगर पालिका क्षेत्र में मतदान केंद्रों की सूची जारी की गई है। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर-1 में राजकीय प्राथमिक स्कूल सेक्टर-6, वार्ड नंबर-2 में सामुदायिक भवन सेक्टर-6, वार्ड नंबर-3 में जैन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नजदीक तहसील कार्यालय, वार्ड नंबर-4 में जांगिड़ धर्मशाला सोहना रोड, वार्ड-5 में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मेन बाजार, वार्ड नंबर-6 में हरिजन चौपाल सोहना रोड, वार्ड-7 में सैनी पब्लिक स्कूल फिरनी रोड, वार्ड-8 में जन स्वास्थ्य विभाग कार्यालय नंदरामपुर बास रोड, वार्ड नंबर-9 में बाल भवन, वार्ड नंबर-10 में जन स्वास्थ्य विभाग कार्यालय नंदरामपुर बास रोड, वार्ड नंबर-11 में विवेकानंद प्राथमिक स्कूल बास रोड, वार्ड नंबर-12 में विवेकानंद प्राथमिक स्कूल बास रोड, वार्ड नंबर-13 में विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बास रोड, वार्ड नंबर-14 में राजकीय प्राथमिक स्कूल हरिनगर, वार्ड नंबर-15 में केडीएम पब्लिक स्कूल आजाद नगर, वार्ड नंबर-16 में आरडीएस पब्लिक स्कूल नजदीक तहसील कार्यालय, वार्ड नंबर-17 में जैन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नजदीक तहसील कार्यालय तथा वार्ड नंबर-18 में राजकीय प्राथमिक स्कूल सेक्टर-6 में मतदान केंद्र बनो हैं।

# जिले में हो रहा पांडुलिपियों के सर्वेक्षण सूचीकरण एवं डिजिटलीकरण का कार्य

- 15 जून तक चलेगा सर्वेक्षण अभियान, 75 वर्ष से अधिक पुरानी पांडुलिपियों को मिलेगी प्राथमिकता

**रेवाड़ी।** भारतीय ज्ञान परंपरा और दर्शन को एवं बौद्धिक धरोहर के महत्वपूर्ण स्रोत के रूप में पांडुलिपियों के संरक्षण और उन्हें भावी पीढियों तक सुरक्षित पहुंचाने के उद्देश्य से भारत सरकार की ओर से संचालित ज्ञान भारतम् मिशन के तहत राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान को जिले में लागू किया जा रहा है। जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष एवं डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि यह मिशन न केवल देश की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है, बल्कि इससे आने वाली पीढ़ियों को प्राचीन ज्ञान से जोड़ने का भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सभी बीडीपीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि वे ग्राम सचिवों के माध्यम से गांव-गांव में स्थित मंदिरों, गुरुद्वारों, मस्जिदों तथा अन्य धार्मिक एवं सामाजिक संस्थानों में उपलब्ध हस्तलिखित पांडुलिपियों की जानकारी एकत्रित करें। यदि किसी स्थान पर पांडुलिपियां उपलब्ध होती हैं, तो उन्हें ज्ञान भारतम्-ऐप के माध्यम से जियो-टैग कर पोर्टल पर अपलोड किया जाए। वहीं, यदि किसी स्थान पर पांडुलिपियां उपलब्ध नहीं हैं, तो संबंधित महंत, इमाम या प्रबंधक से प्रमाण-पत्र प्राप्त किया जाए। उन्होंने बताया कि यह राष्ट्रीय अभियान गत 16 मार्च से प्रारंभ किया गया है।

#### 15 जून तक जारी रहेगा सर्वेक्षण



डीसी ने बताया कि अभियान के तहत लगभग 75 वर्ष या उससे अधिक पुरानी पांडुलिपियों को प्राथमिकता दी जाएगी। सरकार की ओर से सर्वे कार्य को तीन माह के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान 15 जून तक जारी रहेगा। इसके बाद डिजिटलीकरण और संरक्षण कार्य आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पहल से जिले की ऐतिहासिक धरोहर को सुरक्षित रखने के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी।

### बीईओ कार्यालय साल्हावास में सहायक के पद पर कार्यरत अरुणा भारद्वाज सेवानिवृत्त



**कोसली।** कोसली गांव निवासी तथा बीईओ कार्यालय साल्हावास में सहायक के पद पर कार्यरत अरुणा भारद्वाज अपने लंबे सेवाकाल के बाद वीरवार को सेवानिवृत्त हो गईं। इस अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी रतेंद्र व उनके सहकर्मियों ने उनके सहयोगी स्वभाव और कार्य के प्रति लगन को याद करते हुए उनके योगदान की सराहना की। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राजबाला मलिक ने उनकी अनुशासनप्रियता और सेवाभाव को अन्य कर्मचारियों के लिए अनुकरणीय बताया। खंड शिक्षा अधिकारी जयपाल दहिया ने कहा कि उनका सरल स्वभाव और कार्य के प्रति समर्पण हमेशा याद रखा जाएगा। इस अवसर पर महावीर निर्दोष, सतबीर इंदौरा, महन्त रविन्द्र दास व अरुणा भारद्वाज के पिता गोपीचंद शर्मा उपस्थित थे।

# आईआईटी-जेईई मेन्स के सफल विद्यार्थी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राज इंटरनेशनल स्कूल में वीरवार को आईआईटी-जेईई मेन्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ साथ अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया।

विद्यालय के प्रबंधन, अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं विद्यार्थियों के निरंतर परिश्रम के परिणामस्वरूप इस वर्ष 10 से अधिक विद्यार्थियों ने 95 से अधिक पर्सेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। परीक्षा में आर्यन ने 99.84 पर्सेंटाइल, रूपेश ने 99.23 पर्सेंटाइल, अभिनव ने 99.80 पर्सेंटाइल, तन्मय कौशिक ने 99.50 पर्सेंटाइल, सिद्धार्थ ने 98.25 पर्सेंटाइल, शुभम ने 97.95 पर्सेंटाइल, तन्मय सिंह ने 97 पर्सेंटाइल, रिया ने 97.29 पर्सेंटाइल, शुभम ने 96 पर्सेंटाइल और निशिकांत ने 95.20 पर्सेंटाइल अंक हासिल किए। इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन राजेंद्र सैनी ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता केवल उनकी ही नहीं, बल्कि पूरे स्कूल के लिए का गौरव की बात है। अभिभावकों का सहयोग और शिक्षकों का समर्पण ही इस उपलब्धि की असली ताकत है। विद्यालय के निदेशक नवीन सैनी, जितेंद्र सैनी और हेमंत सैनी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।




रेवाड़ी। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए निदेशक व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### इंदिरा गांधी विवि में फार्मास्युटिकल और स्वास्थ्य सेवा में करियर पर व्याख्यान



**मीरपुर।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के फार्मास्यूटिकल्स साइंस विभाग की ओर से विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुनील कुमार की अध्यक्षता में फार्मास्युटिकल और स्वास्थ्य सेवा में करियर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डा. साक्षी रस्तोगी रही। प्रो. सुनील कुमार ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के लाभों के बारे में बताया। डा. हेमंत कुमार यादव ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। इस मौके पर डा. साक्षी ने लाइफ साइंस इंडस्ट्री में करियर विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने छात्रों को समझाया गया कि केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि आज के डिजिटल युग में सर्टिफिकेशन कोर्सेज, अपस्किलिंग और इंडस्ट्री-रेडी स्किल्स अत्यंत आवश्यक हैं। इस अवसर पर व्हाइटकालर इंफोटेक की जानकारी भी साझा की गई, जिसकी सीईओ डा. साक्षी रस्तोगी हैं। यह कंपनी सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, वेब डिजाइनिंग, मोबाइल ऐप डेवलपमेंट के साथ-साथ हेल्थकेयर और फार्मा इंडस्ट्री से जुड़े विशेष ट्रेनिंग प्रोग्राम्स और विभिन्न कंप्यूटर कोर्सेज प्रदान करती है, जिससे छात्रों को भविष्य में रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें। इस अवसर पर विभाग के सभी शिक्षक, विद्यार्थी और शोद्यार्थी मौजूद थे।

### डीडीपीओ एचपी बंसल हुए सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारियों ने दी विदाई



**रेवाड़ी।** पंचायत विभाग के जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी हरिप्रकाश बंसल वीरवार को 18 वर्ष 10 माह की सेवा पूर्ण करने के उपरांत सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर प्रशासन की ओर से विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस मौके पर डीसी अभिषेक मीणा, एडीसी राहुल मोदी व सीटीएम जितेंद्र कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एचपी बंसल को भावभीनी विदाई देते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं समृद्ध सेवानिवृत्त जीवन की कामना की। एचपी बंसल मूलरूप से जिला झज्जर के गांव सिवाना के निवासी हैं। उन्होंने 12 जून 2007 को विधि अधिकारी पंचायत के पद पर अपनी सेवाएं आरंभ कीं। उन्होंने इस पद पर गुरुग्राम, नूंह व रेवाड़ी में उत्कृष्ट सेवाएं दी। इसके उपरांत उन्हें वर्ष 2020 में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया गया। विदाई समारोह में डीआरओ प्रदीप देशवाल, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उप-निदेशक अमित पवार, महेंद्रगढ़ के डीडीपीओ प्रमोद व एडीए नवीन सहित पंचायत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर एचपी बंसल की पत्नी कविता गुप्ता सहित परिवारजन और अनेक गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद थे।

**निर्देश** | जनगणना का पहला चरण आज से शुरू, 30 मई तक होगा मकान सूचीकरण कार्य

# जनगणना कार्य में पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें अधिकारी और कर्मचारी : डीसी

- अधिकारी और कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी से करें अपनी ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जनगणना 2027 के अंतर्गत हरियाणा में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना संबंधी महत्वपूर्ण कार्य 1 मई से 30 मई की अवधि तक अनिवार्य रूप से किया जाना है। जिले के प्रधान जनगणना अधिकारी एवं डीसी अभिषेक मीणा ने वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में 1 मई से शुरू होने वाले मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना संबंधी कार्य को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक से पहले हरियाणा जनगणना निदेशक डा. ललित जैन ने वीसी के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों को दिशा निर्देश दिए।

इस मौके पर डीसी मीणा ने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी, पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि जनगणना पूर्णतः डिजिटल माध्यम से की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य के लिए नियुक्त किए सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि यह कार्य देश के विकास की आधारशिला है, इसलिए आंकड़ों की शुद्धता और विश्वसनीयता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। डीसी ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी प्रगणक या पर्यवेक्षक सुबह और शाम के समय गणना का कार्य करें ताकि किसी को कोई परेशानी न हो।



रेवाड़ी। अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी अभिषेक मीणा।

#### किसी की नागरिकता प्रभावित नहीं होगी

आमजन जनगणना से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी के लिए जिला सांख्यिकी अधिकारी डा. देवीदत्त के मोबाइल नंबर 9877793490 पर कार्यालय समय में संपर्क कर सकते है। डीसी ने आमजन से प्रगणक और पर्यवेक्षक से जनगणना कार्य में सहयोग करते हुए देश की उन्नति में योगदान देने की अपील की। उन्होंने बताया कि यह जानकारी पूर्णतः गोपनीय रहेगी तथा इसका राशन कार्ड, परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड एवं वोट कार्ड से कोई संबंध नहीं है और न ही यह स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन है। इससे किसी भी नागरिक की नागरिकता प्रभावित नहीं होगी। बैठक में जिला नगर आयुक्त ब्रह्म प्रकाश, एसडीएम सुरेश कुमार, सीटीएम जितेंद्र कुमार, जिला सांख्यिकी अधिकारी डा. देवीदत्त, जिला कोऑर्डिनेटर अमित कुमार व जनगणना अधिकारी दीपक मौजूद थे।

### कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिए चारों आरोपी

# डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर 1.89 करोड़ की ठगी के चार आरोपी गिरफ्तार


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी के चार आरोपी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

धारूहेड़ा के सेक्टर-6 निवासी दंपति को साइबर ठगों ने डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर लगभग 1.89 करोड़ रुपये की ठगी मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। सेवानिवृत्त कर्मचारी राजपाल सिंह ने साइबर पुलिस को बताया कि 27 व 28 फरवरी को उसके फोन पर अनजान व्यक्ति के फोन आए। फोन करने वाले ने खुद को ट्राई सर्विस से बताते हुए कहा कि उसकी सिम बंद होने वाली है। उसकी आईडी से गलत ढंग से सिम खरीदी गई है। उसके खिलाफ मुंबई में एफआईआर दर्ज है। उसे बताया गया कि उसके नंबर से न्यूड फोटो और वीडियो भेजे जा रहे हैं। इसके बाद एक अन्य नंबर से आए फोन पर खुद को सीबीआई इंस्पेक्टर बताने वाले शख्स ने कहा कि उसे डिजिटल अरेस्ट किया गया है। अगर वह बचना चाहता है, तो उसके बताए गए खाता नंबरों पर पैसे ट्रांसफर करने होंगे। शुरू में उसने कुछ रकम ट्रांसफर की, तो उसे मनी लार्डिंग के केस में फंसाने की धमकी देते हुए और पैसे ट्रांसफर करा लिए। उसे और उसकी पत्नी को घर से बाहर नहीं निकलने और किसी से संपर्क नहीं करने को कहा गया। उसे बार-बार डराकर 3 मार्च से 20 अप्रैल तक 1 करोड़ 89 लाख 28 हजार रुपये विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर करा दिए। उसके फोन पर एक एप डाउनलोड कराने के बाद निगरानी रखी गई, जिससे वह और उसकी पत्नी कमरे में बंधक बने रहे। राजपाल ने पुलिस शिकायत में बताया कि मोबाइल फोन पर एप डाउनलोड कराने के बाद उसे और उसकी पत्नी को ऑनलाइन पुलिसकर्मी, हथियार, कोर्ट, जज और फर्जी रसीद दिखाए गए। फर्जी जज ने प्रॉपटी की वेरिफिकेशन करते हुए उसे बेचेन और 70 प्रतिशत राशि सरकारी खजाने में जमा कराने को कहा। इसके बाद दोनों इस कदर परेशान हो गए कि उन्होंने आत्महत्या करने तक की तैयारी कर ली।

#### पुलिस ने इन आरोपियों को पकड़ा

साइबर थाना पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों में राजस्थान के करौली जिले के गांव पांचौली निवासी रौनक जाटव, इसी जिले के गांव रिठौली निवासी पंकज सैनी, एमपी के जिला भिंड के गांव मुरावली निवासी मानवेंद्र कौरव व एमपी के जिला दतिया के गांव पराशरी निवासी मनविंद्र शामिल है। रौनक के खाते में ठगी के 5.5 लाख रुपये ट्रांसफर हुए थे, जबकि पंकज सैनी ने खाता मुहैया कराने के लिए मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी। मानविंद और मनविंद्र ने एक और खाता मुहैया कराने में मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी।

#### संपर्क नहीं होने से परेशान हुए रिश्तेदार

खुद को डिजिटल अरेस्ट मानकर राजपाल और उसकी पत्नी ने रिश्तेदारों से संपर्क करना बंद कर दिया। जब कई दिनों तक संपर्क नहीं हुआ, तो हाल-चाल जानने के लिए रिश्तेदार उसके घर पहुंच गए। रिश्तेदारों को जब सारी बात का पता चला तो वह राजपाल को अपने साथ साइबर पुलिस स्टेशन ले गए। एसएचओ संजय कुमार ने बताया कि राजपाल की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद उन बैंक खातों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिनमें उसकी रकम ट्रांसफर हुई है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ करते हुए पुलिस अन्य आरोपियों का पता लगाने में जुटी है।

## गैंगस्टर महेश सैनी की गाड़ी में लगी आग, रामपुरा पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


रेवाड़ी। जैसलमेर नेशनल हाइवे पर जली बोलेरो गाड़ी। फोटो : हरिभूमि

गैंगस्टर महेश सैनी की बोलेरो गाड़ी में जैसलमेर हाइवे पर बुधवार की रात आग लग गई। उसकी गाड़ी को कोई अन्य युवक चलाता था। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले गाड़ी पूरी जलकर राख हो चुकी थी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची रामपुरा थाना पुलिस ने गाड़ी में आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी।

कई मामलों में वांछित रह चुके महेश सैनी की बोलेरो गाड़ी को हुसैनपुर निवासी सतपाल चलाता था। रात को जैसलमेर हाइवे पर हरिनगर के पास गाड़ी में आग लग गई। आग लगी देखकर आसपास के लोग वहां पहुंचे, तो उस समय गाड़ी में कोई नहीं था। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाया गया, परंतु तब तक गाड़ी पूरी तरह जलकर राख हो गई थी। रामपुरा पुलिस भी सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंच गई।

#### चर्चा में रहा है गैंगस्टर महेश सैनी

गैंगस्टर महेश सैनी काफी चर्चा में रह चुका है। कई वारदातों में संलिप्त महेश सैनी को बीते वर्ष कोर्ट ने न सिर्फ पीओ डिक्लेयर कर दिया था, बल्कि उसकी संपत्ति अटैच करने के आदेश भी दिए थे। काफी समय पहले उसके घर पर एनआईए की रेड भी पड़ी थी। तत्कालीन एएसपी ने भी पीओ घोषित करने के बाद उसे तत्काल गिरफ्तार करने के आदेश दिए थे।

#### शिकायत के बाद होगी कार्रवाई

रामपुरा एसएचओ संजय कुमार ने बताया कि अभी गाड़ी में आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। गाड़ी सती कालोनी निवासी महेश सैनी की है, जिसे सतपाल चलाता था। अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है। पुलिस विभिन्न पहलुओं को जांच करते हुए आग लगने के कारणों का पता लगा रही है।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 3 को

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 3 मई को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमे मरीजों को ओपीडी सेवाएं व फ्री दवाईयां प्रदान की जाएगी। यादव सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में अनुभवी डॉक्टरों की टीम मेडिसन, हड्डी रोग, न्यूरो सर्जरी, नेत्र रोग, चर्म रोग व स्त्री रोग के मरीजों को ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे। इसके अलावा फिजियोथेरेपी की सुविधा भी दी जाएगी।

### पांच लीटर शराब के साथ एक काबू

**डहीना।** पुलिस चौकी स्टाफ ने 5 लीटर अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को शिकायत मिली थी कि डहीना निवासी जितेंद्र अवैध रूप से शराब की बिक्री करता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर छापा मारा। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 5 लीटर बरामद की। उसे मौके पर ही गिरफ्तार करने के बाद एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया। बाद में आरोपी को निजी मुचलके पर रिहा कर दिया गया।

## आदर्श आचार संहिता की हिदायतों का पालन करें प्रत्याशी: पावरियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



नगर पालिका धारूहेड़ा के जनरल ऑब्जर्वर तरुण कुमार पावरियां ने वीरवार को खरखड़ा कॉलेज में चेयरपर्सन और वार्डों के पार्षद पदों के प्रत्याशियों के साथ बैठक की। उन्होंने आगामी नगर पालिका चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर जनरल ऑब्जर्वर पावरियां ने कहा कि नगर पालिका चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया तथा चुनाव चिंहों का आवंटन सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि अब चुनाव प्रचार के दौरान प्रत्याशियों जिम्मेदारी और अनुशासन का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। राज्य चुनाव आयोग हरियाणा द्वारा जारी गाइडलाइन एवं आदर्श आचार संहिता का पालन करना प्रत्येक प्रत्याशी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने प्रत्याशियों से अपील की कि वे चुनाव प्रचार के दौरान भड़काऊ भाषण, व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप तथा किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों से बचें। जरनल ऑब्जर्वर ने कहा कि प्रचार सामग्री का उपयोग निर्धारित नियमों के अनुसार ही किया जाए तथा सार्वजनिक संपत्ति को किसी प्रकार का नुकसान न पहुंचाया जाए। उन्होंने प्रत्याशियों को चुनाव संबंधी खर्चे का विवरण का ब्यौरा भी रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर पालिका धारूहेड़ा के रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम सुरेश कुमार सहित नगर पालिका धारूहेड़ा के प्रत्याशी मौजूद थे।

## गूगोढ़ व गुड़ियानी में चला अभियान विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली



पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने वीरवार को अभियान के तहत गवर्नमेंट स्कूल गांव गूगोढ़ व गुड़ियानी में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर नशा मुक्ति टीम के इंचार्ज इंस्पेक्टर रामपाल ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। विद्यार्थी देश का भविष्य है, जिन्हें पढ़ाई, खेल और अपने सपनों में ध्यान लगाकर नशे जैसी बुरी आदतों से हमेशा दूर रहना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अभियान से जुड़ने का आह्वान भी किया। इस मौके पर पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों व ट्रैफिक नियमों की भी जानकारी दी। वर्तमान में अपराधी फोन कॉल, सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से लोगों की व्यक्तिगत जानकारी हासिल करने की कोशिश करते हैं। ऐसे में सभी को सतर्क रहकर किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी निजी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए।वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करना जरूरी है। हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग और यातायात संकेतों का पालन सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। यदि कोई भी असामाजिक तत्व, संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे या कोई भी आपातकालीन स्थिति हो तो डायल 112 पर सूचना दें। इसके अलावा नशा गतिविधियों की सूचना मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर करें।

### न्यूज डायरी

### खेत से सरसों चोरी करने का आरोपी चढ़ा हत्थे



**रेवाड़ी।** गांव राधा की ढाणी में एक खेत से सरसों चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से कब्जे से चोरी की गई सरसों और एक पिकअप गाड़ी बरामद की गई है। 29 अप्रैल को गांव ढाणी राधा निवासी नरेंद्र कुमार ने पुलिस शिकायत में बताया था कि 21 अप्रैल 2026 को उसने अपनी सरसों निकालकर खेत में ही छोड़ी थी। 24 अप्रैल की रात्रि को किसी अज्ञात चोर द्वारा उसकी सरसों के 10 कट्टे चोरी कर लिए गए। जिस पर पुलिस ने थाना खोल में चोरी का मामला दर्ज करके मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए बुधवार को मामले में संलिप्त एक आरोपी जिला महेंद्रगढ़ के गांव पडतल निवासी अमिताब उर्फ भौमा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई सरसों और वारदात में प्रयुक्त पिकअप गाड़ी को बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



### शिव मंदिर व रा. स्कूल में लगाए वाटर कूलर

**रेवाड़ी।** भारत विकास परिषद शाखा की ओर से वीरवार को सेवा प्रकल्प के तहत दो वाटर कूलर स्थापित किए गए। शाखा की ओर से प्राचीन शिव मंदिर गांव गोकुल पुर में विनिश सचदेवा के सहयोग से वाटर कूलर लगाया गया। वाटर कूलर का मंदिर के महंत स्वामी धीरजगिरी महाराज ने किया। वही भाविप शाखा ने दूसरा वाटर कूलर गवर्नमेंट मॉडर्न संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल ततारपुर-इस्तमुरार में स्थापित किया, जिसका उद्घाटन विनिश सचदेवा ने किया। इस अवसर पर स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। शाखा के अध्यक्ष दिनेश सैनी ने परिषद् के उद्देश्यों व कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर शाखा संरक्षक रमेश सचदेवा, सचिव रामकिशोर सैनी, हुक्मचन्द प्रजापत, दयाराम आर्य, तेजभान, जयप्रकाश आर्य व समाजसेवी हरेंद्र यादव सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

## फास्ट फूड व मोबाइल स्वस्थ जीवन जीने में सबसे बड़े बाधक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। कार्यक्रम में चिकित्सकों का सम्मान करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

वरिष्ठ स्त्रीरोग विशेषज्ञ डा. सीमा मित्तल ने छात्राओं से स्वस्थ जीवन जीने की अपील करते हुए स्त्री रोग संबंधी कारणों एवं उनके निवारण से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में फास्ट फूड व मोबाइल स्वस्थ जीवन जीने में सबसे बड़े बाधक हैं। वे वीरवार को सरकुलर रोड स्थित निती स्कूल में कक्षा छठी से आठवीं तक की छात्राओं को किशोरोवस्था में होने वाले परिवर्तन व स्त्री रोगों के प्रति जागरूक कर रही थी। विद्यालय के मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा ने मंच संचालन किया। प्रधानाचार्या सोनल छाबड़ा ने मुख्य वक्ता डा. सीमा मित्तल एवं डा. नंदिनी जैन का अभिनंदन किया। दोनों चिकित्सकों ने छात्राओं को किशोरावस्था व इससे पूर्व होने वाले स्त्री रोगों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म एक सामान्य प्रक्रिया है, इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने इस दौरान होने वाली मानसिक एवं शारीरिक परिवर्तन से भी अवगत कराया। उन्होने कहा कि इस दौरान शरीर का टूटना व चिड़चिड़ापन आदि लक्षण दिखाई पड़ सकते हैं। छात्राओं को इस दौरान फास्ट फूड व मोबाइल के प्रयोग से बचना चाहिए। उन्हें पूरी नींद लेनी चाहिए। यदि मासिक धर्म के दौरान दर्द व अन्य परेशानी होती है तो चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस दौरान किसी भी प्रकार के तनाव से बचना चाहिए। उप प्रधानाचार्या विजय गुप्ता ने चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय की ओर से चिकित्सकों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी ईशा चंद ने किया।

### एडीसी ने गंदे पानी की निकासी व घर के ऊपर से बिजली लाइन हटवाने के दिए निर्देश



**रेवाड़ी।** लघु सचिवालय के सभागार में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में एडीसी राहुल मोदी ने जनसुनवाई करते हुए आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से निवारण करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। समाधान शिविर में गांव पाडला में गंदे पानी की निकासी न होने, गांव हांसाका में घर की छत के ऊपर से जा रही बिजली की तार हटवाने, गांव माजरा भालखी की कॉलोनी में पीने के पानी की समस्या और गांव सुठाना में सूखे पड़े जोहड़ की शिकायत पर एडीसी ने अधिकारियों को समस्याओं का समाधान कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा विद्यार्थियों की एसएलसी की शिकायत पर एडीसी ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी बच्चे की पढ़ाई न रुके इसके लिए बच्चों को स्कूल से एसएलसी दिलाई जाए। इसके अलावा एडीसी ने फैमिली आईडी, बिजली, पेंशन व पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों का भी निवारण करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम सुरेश कुमार व सीटीएम जितेंद्र कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

**हंगामा** लघु सचिवालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया

## पोलिंग बूथ बदलने का विरोध, निर्दलीय उम्मीदवारों और समर्थकों ने दी चुनाव बहिष्कार की चेतावनी



रेवाड़ी। मतदान केंद्र शिफ्ट करने का विरोध करते वार्डवासी तथा मतदान केंद्र शिफ्ट होने पर सचिवालय पहुंचे वार्ड के लोग। फोटो : हरिभूमि

- मतदान केंद्र की पहले की यथावत रखने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शहर में 10 मई को होने वाले नगर परिषद के चुनाव में मतदान केंद्र शिफ्ट करने को लेकर निर्दलीय उम्मीदवार सहित वार्डवासी भड़क गए और चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी दे डाली। निर्दलीय उम्मीदवारों ने अपने समर्थकों के साथ लघु सचिवालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और मतदान केंद्र की पहले की यथावत रखने की मांग की। वार्ड नंबर-12 निवासी लंबे समय से राव तुलाराम स्टेडियम में बनने वाले मतदान केंद्र में वोट डालते आए है, लेकिन अब मतदान केंद्र को स्टेडियम से बदलकर सोसायटी में शिफ्ट कर दिया गया है, जिसकों लेकर निर्दलीय उम्मीदवारों व समर्थकों ने विरोध जताया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा उम्मीदवार ने अपने प्रभाव को इस्तेमाल कर मतदान केंद्र को स्टेडियम से बदलकर अपनी अवैध सोसाइटी में शिफ्ट करा दिया है, जिससे लोगों को वोट डालने में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने चुनाव पर्यवेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी और सांसद के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराई।

वार्ड-12 से निर्दलीय प्रत्याशी गजेंद्र यादव ने बताया कि उत्तम नगर के मतदाता पिछले 25 साल से राव तुलाराम स्टेडियम के मतदान केंद्र में वोट डालते आ रहे है। इसी बार बूथ को स्टेडियम से सज्जन सोसायटी में शिफ्ट कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि ये सोसायटी भाजपा उम्मीदवार की निजी प्रॉपर्टी हैं। किसी की निजी प्रॉपर्टी में मतदान केंद्र शिफ्ट करना आदर्श आचार संहिता का सीधा उल्लंघन है। उन्होंने वीरवार को केंद्र शिफ्ट करने की शिकायत सांसद और चुनाव पर्यवेक्षक को दी है। यदि मतदान केंद्र को दोबारा स्टेडियम में नहीं बनाया गया तो 10 मई को होने वाले चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राव तुलाराम स्टेडियम, उत्तम नगर कॉलोनी के पास स्थित है, जबकि सज्जन सोसायटी वहां से काफी दूर पड़ती है, जिससे मतदाताओं को मतदान करने के लिए पहुंचने में परेशानी उठानी पडेगी। उत्तम नगर की आबादी भी सज्जन कॉलोनी से काफी ज्यादा है।

### भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील का विरोध, भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

**रेवाड़ी।** भारतीय किसान यूनियन चढूनी की ओर से वीरवार को भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील का विरोध करते हुए एसडीएम सुरेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर यूनियन के प्रधान समय सिंह ने कहा कि भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील किसानों के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार अंग्रेजों ने हिंदुस्तान में व्यापार करने के लिए आए थे और उन्होंने 200 साल तक भारत पर राज किया, इसी प्रकार अमेरिका की नजर हिंदुस्तान की खेती व डेरी फार्म पर लगी हुई है। इस डील के होने के बाद भारत के किसान बर्बाद की कगार पर पहुंच जाएंगे। इस मौके पर यूनियन की ओर से किसानों की अनेक समस्याएं रखी गई। प्रधान ने कहा कि काफभ किसानों की वर्ष 2023 व 2025 की बाजारा भावांतर राशि अभी तक बकाया है। अभी तके बीमा राशि भी किसानों के खाते में नहीं आई है। किसानों की सरसों को कलर फेड व नमी बाताकर अनाजमंडी से वापस भेजी जा रही है। अभी तक क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलकर कोई मुआवजा तक नहीं दिया गया और न ही सरसों एमएसपी पर बिक रही है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में किसानों की समस्याओं को लेकर सांसद के निवास पर एक दिन का सांकेतिक धरना दिया जाएगा। उन्होंने भारत-अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील को रद्द करने की मांग की। इससे पहले यूनियन की बैठक में संगठन का विस्तार किया गया, जिसमें चरण सिंह खेड़ा मुरादपुर को उप प्रधान तथा राहुल दहिया, मोनिका यादव व सुमन चौहान को सदस्य बनाया गया। इस मौके पर यूनियन की ओर से दीपा यादव को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके के पर जिला कार्यकारिणी प्रधान राजेंद्र कुमार गेरा, महिला जिला प्रधान मुन्नी बूढ़पुर, मनीषा यादव बोड़यि कमालपुर, सविता दहिया एडवोकेट, पूनम कमालपुर, नीलम मूंदड़ा, सुमन चौहान, ममता ग्रेवाल, शीशराम, चरण सिंह, अभय सिंह चिल्हड़, वेद सुल्तानिया व ओपी लोहाणा सहित अनेक किसान नेता मौजूद थे।


रेवाड़ी। एसडीएम सुरेश कुमार को ज्ञापन सौंपते यूनियन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि